नॉर्थ ईस्टर्न इलेक्ट्रिक पावर कारपोरेशन लिमिटेड

(भारत सरकार का उद्यम)

कार्यपालक निदेशक (ठेका व प्रापण) का कार्यालय

ब्रुकलैंड कंपाउण्ड, लोअर न्यू कॉलोनी, शिलांग-793003 मेघालय, भारत

दूरभाष संख्या : 0364-2227784, ई-मेल : contract_neepco@yahoo.com,

बेवसाइट : www.neepco.co.in ; सीआईएन:यू40101एमएल1976जीओआई001658

ISO : 9001 : 2015, 14001 : 2015 & 45001 : 2018

एनआईबी सं. 386 दिनांक 23.04.2021

खंड-I

बोली आमंत्रण सूचना

1. विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के तहत एक प्रमुख मिनी रत्न श्रेणी- I सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम, नॉर्थ ईस्टर्न इलेक्ट्रिक पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड, घरेलू प्रतिस्पर्धात्मक बोली (डीसीबी) के माध्यम से एकल-चरण दो-लिफाफा बोली प्रक्रिया के तहत तकनीकी-वाणिज्यिक बोलियों के खुलने की तिथि से 90 (नब्बे) दिनों की वैधता के साथ 11.06.2021 के 00:00:00 बजे से 1 (एक) वर्ष की अवधि के लिए तुइरियल जल-विद्युत संयंत्र (60 मेगावाट), तुइरियल, मिजोरम की संपत्ति के लिए औद्योगिक सभी जोखिम (आईएआर) बीमा पॉलिसी के नवीकरण हेतु आईआरडीए से पंजीकृत गैर-जीवन बीमाकर्ता से ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://etenders.gov.in पर ऑनलाइन सीमित निविदा आमंत्रित करता है।

2. **बोली प्रक्रिया**

   बोलीदाता ऑनलाइन के माध्यम से निम्नवत अनुसार एकल-चरण दो-लिफाफा बोली प्रणाली के तहत बोलियां प्रस्तुत करेगा:

   तकनीकी-वाणिज्यिक बोली (लिफाफा नंबर 1): तकनीकी-वाणिज्यिक बोली के समर्थन में बोली दस्तावेज के सेक्शन-VII '(पार्ट-ए) में निर्धारित किया गया अनुसार सभी बिडिंग फॉर्म, फॉर्म F-1 से फॉर्म F-10 तक होंगे।

   मूल्य बोली (लिफ़ाफ़ा नंबर 2): बोली दस्तावेज की धारा- VII '(पार्ट-बी) में

निर्धारित किया गया अनुसार मूल्य बोली में फॉर्म, फॉर्म-ए: मूल्य अनुसूची और फॉर्म-बी: प्रीमियम का ब्यौरा शामिल होंगे।

केवल उन्हीं बोलीदाताओं के मूल्य बोली को खोला जाएगा, जो तकनीकी-व्यावसायिक मूल्यांकन में उत्तीर्ण होंगे।

3. बोलियों में भागीदारी के लिए पंजीकरण

3.1 बोलीदाताओं को केंद्रीय सार्वजनिक खरीद पोर्टल के ई-प्रोक्योरमेंट मॉड्यूल **(URL: https: //etenders.gov.in/eprocure/app)** के सीपीपी पोर्टल पर **"ऑनलाइन बोलीदाता नामांकन"** लिंक पर क्लिक करके पंजीकृत करना आवश्यक है, जो कि निःशुल्क है।

3.2 नामांकन प्रक्रिया के भाग के रूप में, बोलीदाताओं को एक विशिष्ट उपयोगकर्ता नाम चुनना होगा और अपने खातों के लिए एक पासवर्ड निर्दिष्ट करना होगा।

3.3 बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे पंजीकरण प्रक्रिया के भाग के रूप में अपना वैध ईमेल पता और मोबाइल नंबर पंजीकृत करें। इनका उपयोग सीपीपी पोर्टल से किसी भी सूचना जारी करने के लिए किया जाएगा।

3.4 नामांकन के बाद, बोलीदाताओं को सीसीए इंडिया द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी सर्टिफिकेशन अथॉरिटी (जैसे Sify/nCode I eMudhra इत्यादि) द्वारा जारी किए गए अपने वैध डिजिटल हस्ताक्षर सर्टिफिकेट (मुख्य उपयोगी के हस्ताक्षर के साथ श्रेणी III प्रमाण पत्र) को दर्ज करना आवश्यक होगा।

3.5 एक बोलीदाता द्वारा केवल एक वैध डीएससी को पंजीकृत होना चाहिए। कृपया ध्यान दें कि बोलीदाता स्वयं यह सुनिश्चित करने के लिए ज़िम्मेदार होंगे कि वे अपने डीएससी किसी दूसरों को न दें, जिससे इसका दुरुपयोग हो सकता है।

3.6 इसके उपरांत बोलीदाता अपनी उपयोगकर्ता आईडी I पासवर्ड और डीएससी I ई-टोकन के पासवर्ड दर्ज करते हुए साइट पर सुरक्षित लॉग इन कर सकते हैं।

बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे स्वयं को ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल (URL: https://etenders.gov.in/eprocure/app) पर समय रहते हुए पजीकृत करवा लें और ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर नामांकन में देरी होने पर बोलियां जमा करने के लिए कोई अतिरिक्त समय नहीं दिया जाएगा।

पंजीकरण और अन्य ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल से संबंधित प्रश्नों के लिए, बोलीदाता एनआईसी से संपर्क कर सकते हैं

श्री आकाश थडानी

वरिष्ठ रोलआउट प्रबंधक, जीइपीएन आईसी,

राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र, शिलांग

मोबाइल नंबर 08787522181

ईमेल आईडी: akashthadanil@gmail.com

4. बोलियों को जमा करना और खोलना

4.1 बोलीदाता ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://etenders.gov.in पर अपनी बोलियां ऑनलाइन तैयार और जमा करेंगे। उपरोक्त वेबसाइट में ऑनलाइन बोली-प्रक्रिया के फॉर्म उपलब्ध होंगे। नीपको द्वारा बोलियों पर विचार करने के लिए बोलियों को ऑनलाइन जमा करना अनिवार्य है।

4.2 बोलीदाता धारा- III, बोली दस्तावेज के बोलीदाताओं को निर्देश, में दिए गए ऑनलाइन बोली जमा करने के निर्देश का संदर्भ लेंगे।

4.3 नीचे खंड 6 में उल्लिखित तिथि और समय पर बोलियां खोली जाएंगी।

5. ई-रिवर्स नीलामी :

निविदा को "निविदा सह नीलामी" के माध्यम अर्थात निविदा के बाद ई-रिवर्स ऑक्शन (ई-आरए) के माध्यम से अंतिम रूप दिया जाएगा । वित्तीय बोली खोलने के बाद, उच्चतम (एच 1) बोलीदाता को छोड़कर, तकनीकी-व्यावसायिक रूप से योग्य बोलीदाताओं के बीच रिवर्स नीलामी आयोजित की जाएगी। तकनीकी-व्यावसायिक रूप से योग्य बोलीदाताओं को रिवर्स ऑक्शन की तारीख और समय सूचित कर दिया जाएगा। रिवर्स नीलामी के लिए कोई भागीदारी शुल्क नहीं होगा। ई-आरए के लिए बोली लगाने वालों का निर्देश बोली दस्तावेज के खंड- VI में दिया गया है।

6. **महत्वपूर्ण तिथियाँ और बोली की वैधता** :

(क) पोर्टल https://etenders.gov.in से बोली दस्तावेज डाउनलोड करने की शुरुआत की तारीख: 24.04.2021 के 11:00 बजे से।

(ख) बोली संबंधी प्रश्नों की प्राप्ति की अंतिम तिथि: 07.05.2021 के 14:00 बजे तक। (बोलीदाताओं के प्रश्नों के आधार पर, यदि आवश्यक हो तो पूर्व-बोली बैठक वीडियो

कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से की जाएगी, जिसे तदनुसार सूचित किया जाएगा) बोली संबंधी प्रश्नों की प्राप्ति तारीख के बाद प्राप्त संबंधित प्रश्नों का उत्तर नीपको नहीं देगा।

(ग) बोली दस्तावेज़ डाउनलोड करने की अंतिम तिथि और समय : 21.05.2021 को 14:00 बजे।

(घ) ऑनलाइन बोली प्राप्त करने की अंतिम तिथि और समय : 21.05.2021 के 14:00 बजे तक।

(ङ) ऑनलाइन तकनीकी-व्यावसायिक बोलियाँ खोलने की तिथि और समय : 24.05.2021 को 14:00 बजे।

(च) ऑनलाइन मूल्य बोलियाँ खोलने की तिथि और समय : तकनीकी-व्यावसायिक रूप से योग्य बोलीदाताओं को तिथि और समय पृथक रूप से सूचित कर दिया जाएगा।

(छ) बोली की वैधता : तकनीकी-व्यावसायिक बोलियों के खुलने की तिथि से 90 (नब्बे) दिन।

उपरोक्त क्रम संख्या (ई) पर दी गई तारीख को नीपको के लिए अवकाश के रूप में घोषित किए जाने की स्थिति में टेक्नो-कमर्शियल बिड्स का उद्घाटन स्थगित होते हुए उसी नियत समय पर अगले कार्य दिवस को होगा।

7. बोलीदाताओं से अनुरोध है कि बोली दस्तावेज के किसी भी शुद्धिपत्र/संयोजन/संशोधन/स्पष्टीकरण के लिए वे नियमित रूप से ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://etenders.gov.in और नीपको की वेबसाइट http://www.neepco.co.in को देखते रहें।
8. बोली दस्तावेज़ के नियमों और शर्तों से संबंधित किसी भी स्पष्टीकरण के लिए, बोलीदाताओं से अनुरोध किया जाता है कि वे उपरोक्त धारा 6 (ख) में दर्शाएं गए तारीख को या इससे पहले ई-मेल आईडी पर निविदा प्राधिकरण को अपने प्रश्नों को स्पष्ट रूप से बताते हुए contract_neepco@yahoo.com पर ईमेल करें ।
9. नीपको के पास किसी भी या सभी बोलियों को अस्वीकार करने, या बोली प्रक्रिया को रद्द करने और बोली लगाने वालों को किसी भी देयता के बिना किसी भी न्यायसंगत और वास्तविक आधार पर सभी बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है, और नीपको की कार्रवाई की स्थिति से बोलीदाताओं को सूचित करने का कोई बाध्यता नहीं है।

भवदीय,

मुख्य महाप्रबंधक (सी)
प्रभारी, ठेका व प्रापण